<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–08.03.2025 (सुबह 08:30 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्य सरकार की आधी आबादी को सौगात, आज से जारी होगी मंइयां सम्मान योजना की राशि, लगभग 38 लाख लाभुकों के खाते में डीबीटी के माध्यम स एकमुश्त भेजी जायेगी तीन महीने की राशि।
- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राष्ट्रपति आज दिल्ली में करेंगी राष्ट्रीय कार्यक्रम का उदघाटन, प्रधानमंत्री लखपति दीदियों से करेंगे बातचीत, झारखंड के राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी महिलाओं को बधाई।
- जेपीएससी द्वितीय सिविल सेवा नियुक्ति घोटाले में 60 लोकसेवकों के खिलाफ दायर चार्जशीट पर सीबीआई कोर्ट ने लिया संज्ञान, 15 अप्रैल को पेशी के लिए समन जारी।
- टीएमसी सांसद और सिने अभिनेता शत्रुध्न सिन्हा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रांची में की मुलाकात, झारखंड में फिल्म निर्माण की संभावनाओं पर की चर्चा।
- बोकारो में आयोजित जेएससीए अंतर जिला–23 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में जमशेदपुर ने रांची को हराकर खिताब पर जमाया कब्जा।

<u>*****************</u>

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्य सरकार प्रदेश की महिलाओं को सौगात देने जा रही है। आज से मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि जारी की जायेगी। लगभग 38 लाख लाभुकों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से एकमुश्त तीन महीने की राशि भेजी जायेगी। इस मद में लगभग 2850 करोड़ रुपये खर्च होंगे। एक महिला लाभुक को जनवरी 2025 से मार्च 2025 तक के लिए कुल साढ़े सात हजार रुपये मिलेंगे। स समय लगभग 38 लाख है।

<u>*****************</u>

आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दिल्ली के विज्ञान भवन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम का उदघाटन करेंगी। उधर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात के नवसारी में लखपति दीदियों से बातचीत करेंगे।

<u>*****************</u>

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर झारखंड में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस बीच राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य की आधी आबादी को इस खास दिवस की बधाई दी है।

<u>*****************</u>

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर देश भर की वैसी महिलाओं की चर्चा हो रही है, जिनकी सफलता आधी आबादी के लिए प्रेरक रही है। झारखंड में भी कई महिलाओं ने सफलता की नयी इबारत लिखी है। साहिबगंज जिले की चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर किरणमाला ने अपने संघर्ष और सफलता की प्रेरक कहानी साझा की है।

साहिबगंज कृषि विज्ञान केंद्र में कार्यरत कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर माया कुमारी ने अपनी प्रेरक गाथा साझा करते हुए कहती हैं कि आज की स्थिति में समाज में महिलाओं को समानता का अधिकार मिलना चाहिए

<u>*****************</u>

उधर पाकुड़ जिले में आदिम जनजाती पहाड़िया महिलाएं भी सफलता की नयी कहानी गढ़ रही हैं। झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी से जुड़कर ये जनजाती महिलाएं आर्थिक रुप से सशक्त हो रही हैं और अपने जीवन स्तर में बदलाव ला रही हैं।

*****************

जेपीएससी द्वितीय सिविल सेवा नियुक्ति घोटाले में जेपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष दिलीप प्रसाद सहित 60 लोक सेवकों के खिलाफ दायर चार्जशीट पर सीबीआई कोर्ट ने संज्ञान लिया है। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने आरोपियों को समन जारी कर 15 अप्रैल को कोर्ट में उपस्थित होने का आदेश दिया है।

*****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*****************

टीएमसी सांसद और सिने अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा ने रांची में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान शत्रुघ्न सिन्हा और मुख्यमंत्री ने झारखंड में फिल्मों के निर्माण और शूटिंग की संभावनाओं पर चर्चा की। साथ ही, स्थानीय कलाकारों को बेहतर प्लेटफार्म उपलब्ध कराने और अन्य विषयों पर भी विचार–विमर्श हुआ।

*****************

नेहरू युवा केंद्र विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम के जरिये पश्चिमी सिंहभूम जिले के युवाओं को अपने मंतव्य साझा करने के लिए प्लेटफॉर्म प्रदान करेगा।

*****************

साहित्य अकादमी ने अनुवाद पुरस्कार 2024 की घोषणा कर दी है। संताली में इसबार संताल परगना के पाकुड़ जिले के महेशपुर प्रखंड अंतर्गत चंदालमारा गांव के रहने वाले नाजीर हेंब्रम को साहित्य अकादमी अनुवाद पुरस्कार मिला है। उन्हें यह पुरस्कार नीलोत्पल मृणाल द्वारा लिखित हिंदी उपन्यास डार्क हार्स के संताली अनुवाद पुस्तक हेंदे सादोम के लिए मिला है। नाजीर हेंब्रम पेशे से प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी हैं और वे महेशपुर प्रखंड में पदास्थापित हैं।

*****************

बोकारो में आयोजित जेएससीए अंतर जिला अंडर 23 क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल में जमशेदपुर ने रांची को 29 रनों से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमा लिया है। खेले गये मैच में जमशेदपुर की ओर से शरणदीप सिंह ने शतकीय पारी खेली। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जमशेदपुर की टीम ने 50 ओवर में छह विकेट खोकर 286 रन बनाये। जवाबी पारी खेलने उतरी रांची की टीम 50 ओवर में नौ विकेट खोकर 258 रन ही बना पायी। शरणदीप सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

*****************

राज्य में अगले पांच दिनों के दौरान तापमान में चार से पांच डिग्री तक की बढ़ोत्तरी हो सकती है। इससे गर्मी बढ़ेगी और जनजीवन पर इसका असर पड़ सकता है। हालांकि कुछ दिनों तक सुबह में ठंड रहेगी। आज आसमान साफ रहेगा और मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। नौ और 10 मार्च को आकाश में बादल छाए रहेंगे। आज सूर्यास्त पांच बजकर पचपन मिनट पर होगा।

*****************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने आज से मंइयां सम्मान योजना की राशि जारी किये जाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा है– आज से लाभुक महिलाओं के खातों में एक साथ डाले जायेंगे साढ़े सात हजार रुपये।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– रांची में कोयला कारोबारी को सड़क पर घेरकर मारी गोली।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं– सीता सोरेन पर हमले का प्रयास, पीए गिरफ्तार।

दैनिक जागरण ने लिखा है– स्पीकर ने बाबूलाल मरांडी को दी नेता प्रतिपक्ष की मान्यता

***********************